an>

Title: Need to set up a FM Radio station in Amreli parliamentary constituency, Gujrat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली)ः मैं केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एफ.एम. रेडियो स्टेशन की स्थापना की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मैं पूर्व में भी इस विषय को सदन में कई बार उठा चुका हूं। दिनांक 23.07.2014 के तारांकित प्रश्न संख्या 238 के उत्तर के अनुसार आकाशवाणी के 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत हमारे संसदीय क्षेत्र अमरेली में सतत स्कीम के रूप में आकाशवाणी द्वारा एक एफ.एम.रेडियो स्टेशन को अनुमोदित किया गया है और एफ.एम. स्टेशन/रिले ट्रांसमीटर की स्थापना हेतु 22 लाख की राशि का आवंटन किया गया है, लेकिन फिर भी अभी तक अमरेली शहर में एफ.एम. स्टेशन स्थापित करने हेतु कोई भी आवश्यक कार्यवाही शुरू नहीं की गई है।

अतः मैं सरकार से निवेदन करना चाहता कि उपरोक्त विषय को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द अमरेली संसदीय क्षेत्र में एक एफ.एम. स्टेशन शुरू करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाया जाए।